Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 18-03-2006

Participants : Mohale Shri Punnulal

an>

Title : Need to sanction funds for sewerage, solid waste management and cremation ground under National River Conservation Scheme (NRCP) in Bilaspur district of Chhattisgarh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : अध्यक्ष महोदय, राट्रीय नदी संरक्षण योजना (एनआरसीपी) की स्वीकृति के संबंध में कहना चाहूंगा कि भारत सरकार एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा संचालित राट्रीय नदी संरक्षण योजना के अंतर्गत दसवीं पंचवर्ाीय योजना में तीन नदियों को जोड़ने का अर्थात् शिवनाथ, खारून और अरफा, कि रायपुर, दुर्ग एवं बिलासपुर नगरों से सीवेज और ठोस अपशिट के कारण ये प्रदुाित हो रही हैं तथा नदी में कटाव बढ़ रहा है। शहरों की आवागमन की सुविधा अवरूद्ध हो रही है। इस कारण राट्रीय संरक्षण योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश सरकार ने 101.21 लाख रूपये की स्वीकृति हेतु केन्द्र सरकार को प्रेाित किया है। मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि दसवीं पंचवर्ाीय योजना में वर्ा 2003 में इस बाबत कार्यवाही की गयी थी। लेकिन अभी तक भारत सरकार ने इस योजना को स्वीकृति नहीं दी है, जिससे तीनों नदियों का पर्यावरण प्रदूाित हो रहा है तथा शहर में गंदगी भी फैल रही है। कटाव बढ़ने से आवागमन की सुविधा अवरुद्ध हो रही है। अतः मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि एनआरसीपी के

---

*Not Recorded

अंतर्गत 101.21 लाख रूपये की स्वीकृति दे, जिससे तीनों नदियों का रखरखाव, शौचालय, प्राकृतिक आपदा गृह निर्माण, शवदाहगृह निर्माण, गृहघाट निर्माण एवं पर्यावरण का सुधार हो सÉBÉEä[i80]।